# प्री बोर्ड परीक्षा प्रश्नपत्र- 2023

## कक्षा – 10 (विषय : चित्रकला)

### (केवल प्रश्नपत्र)

समय: 3 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक : 70

निर्देश प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

1. प्रश्न पत्र दो भागों में विभाजित है; भाग I व भाग III प्रथम भाग तीन खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड 'क' के तीनों भागों में से किसी एक के दस प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड 'ख' के सभी प्रश्न हल करने हैं।

2. भाग II में खण्ड 'क' के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' अथवा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक चित्रकला में से केवल एक का ही चित्रण करना है। खण्ड 'ख' से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## भाग- I (बहुविकल्पीय प्रश्न)

## खण्ड 'क' (अनिवार्य)

**प्राकृतिक दृश्य चित्रण (प्रत्येक 1 अंक)**

Gyansindhu Coaching Classes

1. आधुनिक प्राकृतिक दृश्य चित्रण में किसका प्रभावकारी योगदान रहा है?

(a) मथुरा कला

(b) नागर शैली

(c) राजस्थानी कला

(d) पाश्चात्य कला

2. देश के किस राज्य के चित्रकारों का प्राकृतिक दृश्य चित्रण में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है ?

(a) महाराष्ट्र

(b) उत्तर प्रदेश

(c) बंगाल

(d) राजस्थान

3. मैदानों एवं घास स्थलों को सामान्यतः किस प्रकार के चित्रण में दिखाया जाता है?

(a) आलेखन

(b) मानवकृत चित्रण

(c) प्राकृतिक दृश्य चित्रण

(d) स्मृति चित्रण

4. प्राकृतिक दृश्यों के चित्रण में सामान्यतः सपाट ब्रश का प्रयोग किया जाता है?

(a) लकड़ी दर्शाने में

(b) पशु चित्रण में

(c) पहाड़ों के चित्रण में

(d) मैदानों के चित्रण में

5. सफेद बर्फ के क्षेत्रों को किस रंग से दिखाया जाता है?

(a) बैंगनी

(b) सफेद

(c) लाल

(d) हरा

6. प्राकृतिक दृश्यों के चित्रण में किसका अनुपालन करना चाहिए

(a) हल्के रंगों के प्रयोग का

(b) हल्के से गहरे रंगों के प्रयोग का

(c) गहरे रंगों का

(d) मिश्रित रंगों का

Gyansindhu Coaching Classes

7. प्राकृतिक दृश्य चित्रण में क्षितिज के निकट मैदानों को कौन से रंग से चित्रित किया जाता है?

(a) काले रंग

(b) बैंगनी रंग

(c) लैमन येलो

(d) वैरीडियन

8. झोपड़ी के चित्रण में दरवाजों को किन रंगों के हल्के घोल से दिखाना चाहिए?

(a) पीले और नीले

(b) गहरे बैंगनी

(c) वर्न्ट साइना और अल्टामैराइन

(d) हरे और नीले

9. प्राकृतिक वृक्षों को सामान्यतः किस रंग से दिखाया जाता है?

(a) लाल

(b) हरा

(c) काला

(d) काला

10. आकाश में किसे दर्शाने के लिए हल्के रंगों का प्रयोग किया जाता है?

(a) प्रकाश की कमी

(b) सजीवता

(c) प्रकाश की बहुलता

(d) संध्याकाल

अथवा

## आलेखन (प्रत्येक 1 अंक)

1. सजावट के आधार पर आलेखन को कितने वर्गों में बाँटा जाता है ?

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

2. धरातलीय आलेखन में सजावट होती है

(a) धरातल की

(b) किनारे की

(c) मध्य भाग की

(d) कोने की

Gyansindhu Coaching Classes

3. साड़ी के किनारों का आलेखन, किस आलेखन के अन्तर्गत आता है ?

(a) केन्द्रीय आलेखन

(b) कोने आलेखन

(c) ज्यामितीय आलेखन

(d) किनारी आलेखन

4. भवन, आदि के आलेखन के पश्चात् वस्तुओं के मूल्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(a) मूल्य बढ़ जाता है।

(b) मूल्य घट जाता है।

(c) कोई बदलाव नहीं आता है।

(d) मूल्य समान रहता है।

5. निम्न में से कौन-सा आलेखन का तत्त्व नहीं है?

(a) रंग योजना

(b) प्रभाविता

(c) कौशलता

(d) सन्तुलन

6. रंग योजना के सही उपयोग से आलेखन में क्या प्रभाव पड़ता है?

(a) भव्यता बढ़ती है

(b) स्पष्टता आती है

(c) हृदयस्पर्शी बनता है

(d) ये सभी

7. निम्नलिखित में से कौन-सा रंग आदर्श रंगों के चक्र में ठण्डा रंग नहीं है?

(a) नील्ला

(b) आसमानी

(c) लाल

(d) हरा

Gyansindhu Coaching Classes

8. आलेखन में रंग भरने की सबसे सरल एवं आसान विधि कौन-सी है ?

(a) हल्की पृष्ठभूमि वाली विधि

(b) गहरी पृष्ठभूमि वाली विधि

(c) एकांकी रंग संगति वाली विधि

(d) एक सर्वथा रंजन विधि

9. आलेखन में चित्र भरने के लिए किसे दाहिने हाथ की ओर रखना चाहिए?

(a) रंग

(b) ब्रश

(c) मैचिंग प्लेट

(d) ये सभी

10. आलेखन में बाहरी रेखाओं को प्रदर्शित करने के लिए कितने नम्बर के ब्रश का प्रयोग करना चाहिए?

(a) एक या दो नम्बर

(b) तीन या चार नम्बर

(c) आठ या नौ नम्बर

(d) दस या बारह नम्बर

अथवा

## प्राविधिक कला (प्रत्येक 1 अंक)

1. 30° का कोण बनाने के लिए पहले कौन-सा कोण बनाना होगा?

(a) 60°

(b) 45°

(c) 15°

(d) 90°

2. एक रेखाखण्ड के 10 समान भाग करने के लिए इस रेखा से न्यूनकोण बनाती हुई रेखा पर कितने चाप लगाने होगे ?

(a) 9

(b) 10

(c) 11

(d) 5

3. एक वर्ग की भुजा 4 सेमी है। इस वर्ग के परिगत इसके समरूप ऐसे वर्ग की रचना की गई है। जिसकी भुजा 6 सेमी है। पहले वर्ग तथा दूसरे वर्ग की भुजाओं के बीच की दूरी कितनी होगी?

Gyansindhu Coaching Classes

(a) 4 सेमी

(b) 5 सेमी

(c) 2 सेमी

(d) 1 सेमी

4. एक 5 सेमी भुजा वाले समबाहु त्रिभुज की रचना के चरणों का सही क्रम बताइए।

(i) 5 सेमी का एक रेखाखण्ड खीचिए

(ii) 5 सेमी के रेखाखण्ड के दोनों सिरों पर 60° के कोण बनाती हुई रेखाओं को आगे बढ़ाइए।

(iii) आगे बढ़ाई गई रेखाओं के प्रतिच्छेद बिन्दु को 5 सेमी रेखाखण्ड के सिरों तक मिलाइए।

कूट

(a) (iii), (i), (ii)

(b) (i), (ii), (iii)

(c) (iii), (ii), (i)

(d) (ii), (i), (iii)

5. दी गई ज्यामितीय आकृति का अध्ययन करके बताइए कि कौन-सा सत्य है?

(a) यह वृत्त के अन्तर्गत त्रिभुज की निर्मेय है।

(b) यह त्रिभुज के परिगत वृत्त की निर्मेय है।

(c) स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. दो वृत्त एक-दूसरे को बाह्यत स्पर्श करते हैं। बताइए इन वृत्तों पर कितनी उभयनिष्ठ रेखाएँ खींची जा सकती हैं?

(a) दो

(b) तीन

(c) कोई नहीं

(d) असंख्य

7. किसी वृत्त पर बाह्य बिन्दु से खींची गई स्पर्श रेखाओं के लिए कौन-सा कथन सत्य है?

(a) वे परस्पर बराबर लम्बाइयों की होती हैं।

(b) एक ही लम्बाई दूसरी की दोगुनी होती है।

(c) वे अन्नत लम्बाई की होती हैं।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Gyansindhu Coaching Classes

8. कौन-से विकल्प से एक चतुर्भुज ABCD की रचना नहीं की जा सकती है?

(a) AB = 6 सेमी, ZA = 45°, विकर्ण AC = 8 सेमी, BC = 5 तथा विकर्ण BD = 7 सेमी सेमी

(b) AB = 6 सेमी, ZA = 60°, B = 45°, CD = 8 सेमी

(c) AB = 9 सेमी, ZB = 105°, विकर्ण BD = 7 सेमी, AD= 4 सेमी तथा BC = 6 सेमी "

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. वह आकृति जिसके विकर्ण परस्पर लम्ब समद्विभाजित करते हैं, कौन-सी है ?

(a) आयत

(b) वर्ग

(c) समान्तर चतुर्भुज

(d) समचतुर्भुज

10. प्राविधिक कला में निम्न में से किसका प्रयोग नहीं किया जाता है?

(a) परकार

(b) पटरी

(c) कम्प्यूटर

(d) कैलकुलेटर

खण्ड 'ख'

## स्मृति चित्रण (प्रत्येक 1 अंक)

1. स्मृति चित्रण में चित्रकार की किस शक्ति का विशेष महत्त्व होता है?

(a) स्मरण शक्ति

(b) गहन निरीक्षण

(c) मानसिक शक्ति

(d) ये सभी

2. निम्नलिखित में से कौन वस्तुओं की पहचान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है?

(a) ज्ञान

(b) आलेखन

(c) स्मृति भण्डारण

(d) स्मरण क्षमता

3. स्मृति चित्रण में किसका महत्त्वपूर्ण योगदान नहीं होता है

Gyansindhu Coaching Classes

(a) संयोजन का

(b) लय का

(c) प्रवाह का

(d) छाया का

4. स्मृति चित्रण में चित्रण प्रत्येक दशा में कितने सेमी से बड़ा होना चाहिए?

(a) 10 सेमी

(b) 5 सेमी

(c) 15 सेमी

(d) 25 सेमी

5. स्मृति चित्रण में पेन्सिल पकड़ने के तहत् कितनी विधियों का अनुपालन किया जाता है ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

6. नेत्र दशा सिद्धान्त के अन्तर्गत आगे की वस्तुओं को कौन-से रंगों से सजाया जाता है?

(a) हल्के रंगों से

(b) लाल रंगों से

(c) गहरे रंगों से

(d) पीले रंगों से

7. स्मृति चित्रण विधि के अन्तर्गत अमरूद के चित्रण को किस आकृति में रखा जाता है?

(a) वृत्ताकार

(b) बेलनाकार

(c) आयताकार

(d) वर्गाकार

8. स्मृति चित्रों में सबसे अधिक गहरे रंग को प्रदर्शित करने के लिए किस पेन्सिल का प्रयोग किया जाता है ?

(a) HB पेन्सिल

(b) 2B पेन्सिल

(c) 4B पेन्सिल

(d) 8B पेन्सिल

Gyansindhu Coaching Classes

9. बेलनाकार वस्तु का शीर्ष भाग किस आकृति का होता है?

(a) आयताकार

(b) वर्गाकार

(c) वृत्ताकार

(d) षट्कोणीय

10. स्मृति चित्रण में शेड करते समय शेड को मिक्स करने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है ?

(a) अखबार व रूई

(b) पेन

(c) ब्रश

(d) पेन्सिल

# भाग- II  खण्ड 'क'

# प्राकृतिक दृश्य चित्रण

1. 20 x 15 सेमी के आयत में ग्रामीण सूर्योदय का दृश्य चित्रण कीजिए। नदी के किनारे एक गाँव का दृश्य, आकाश में उड़ते कुछ पक्षी, कुछ झोंपड़ियाँ, पेड़ की छाया में बैठी गाय व बकरी, सिर पर फूलों की टोकरी रखे घर लौटती महिला दर्शाइए।

चित्र में जल रंगों अथवा पेस्टल रंगों का प्रयोग कीजिए। चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखिए

(अ) सही संरचना एवं परिप्रेक्ष्य

(ब) संयोजन

(स) सुसंगत रंगों का प्रयोग

(द) आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव

## अथवा

## आलेखन

Gyansindhu Coaching Classes

16 सेमी व्यास वाले वृत्त में एक पूर्ण इकाई वाले मौलिक आलेखन की रचना कीजिए, जो किसी भारतीय पुष्प, उसकी पत्तियों एवं कलियों पर आधारित हो।

आलेखन फर्श के मध्य के लिए उपयुक्त हो। आलेखन में तीन जल रंगों का प्रयोग कीजिए। ट्रेसिंग करना मना है। आलेखन करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान दीजिए

(अ) इकाई की मौलिकता

(ब) संयोजन

(स) उत्तम रंग संगति

(द) सामान्य आकर्षण

### अथवा

### प्राविधिक कला

निर्देश निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। प्रत्येक रचना में निर्दिष्ट रेखाएँ, रचनात्मक रेखाएँ एवं अभीष्ट रेखाएँ स्पष्ट दिखाइए। रचना में रचनात्मक रेखाएँ न मिटाएँ।

(अ) 5 सेमी तथा 6, सेमी व्यास के दो वृत्त इस प्रकार खींचिए कि दोनों आपस में स्पर्श करें। एक तीसरा वृत्त इन दोनों वृत्तों को बाहर से घेरता तथा स्पर्श करता हुआ खींचिए

अथवा

एक समद्विबाहु त्रिभुज बनाइए, जिसका प्रत्येक आधार कोण 50° का हो। इसके अन्तर्गत एक अर्द्धवृत्त की रचना कीजिए।

(ब) 2.5 सेमी त्रिज्या के दो समान वृत्तों के केन्द्र 8 सेमी की दूरी पर हैं। दोनों वृत्तों की बाह्य उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा खींचिए।

अथवा

8 सेमी व्यास वाले वृत्त में एक आकर्षक ज्यामितीय आलेखन चापों और रेखाओं के संयोजन से चित्रित कीजिए, जो फर्श के केन्द्र के लिए उपयुक्त हो।

(स) एक साधारण मापनी की रचना कीजिए, जिससे मीटर और डेसीमीटर नापे जा सकें, जबकि 2.5 सेमी द्वारा एक मीटर की दूरी प्रकट की जाए। इस मापनी पर 3 मीटर 6 डेसीमीटर की दूरी दर्शाइए। निरूपक भिन्न भी ज्ञात कीजिए।

## खण्ड 'ख'

## स्मृति चित्रण

निर्देश निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों की रचना कीजिए। आकृतियों में रेखाएँ स्पष्ट तथा साफ खींची जाएँ।

2. (अ) पेन्सिल की सहायता से एक जलती हुई मोमबत्ती का चित्रण कीजिए, जो एक निश्चित अनुपात में हों।

(ब) एक लालटेन का चित्र बनाइए तथा चित्र 15 सेमी से छोटा न हो।

(स) पेन्सिल की सहायता से एक तेल की केन की रचना कीजिए, जिसकी लम्बाई 14 सेमी तथा चौड़ाई 7 सेमी हो।

(द) 'बैंगन' का चित्र बनाइए, जो किसी भी दशा में 15 सेमी से छोटा न हो।

(य) पेन्सिल की सहायता से क्रिकेट बैट तथा बॉल का चित्र बनाइए, जिसमें बैट की लम्बाई 15 सेमी से कम न हो।

Gyansindhu Coaching Classes